राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/GyanDoot Prog./2021/Spl./43; दिनांक : 03 June 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

## ज्ञानदूत कार्यक्रम

**विषय : ज्ञानदूत कार्यक्रम की कियान्विति के संबंध में निर्देश।**

**सन्दर्भ : आकाशि का पत्रांक** CCE/ISDC/Innov./Gyandoot/2021/Spl./27; दिनांकः 26 May 2021 के क्रम में।

विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा संचार, विषयपरक ज्ञानवर्द्धन, अकादमिक समस्या समाधान एवं उनके समय का रचनात्मक सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिये एक **विशेष शिक्षण सहायता कार्यक्रम "ज्ञानदूत" आरम्भ किया जा गया है। इस संबंध में उपर्युक्त पत्रांक के माध्यम से आप सभी को सूचित किया जा चुका है। साथ ही, इसी संबंध में इस कार्यक्रम को और गति प्रदान करने ताकि अधिकाधिक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके, दिनांक 2 जून 2021 को सभी 33 जिलों के** DRAC **अध्यक्ष प्राचार्यों के साथ ऑनलाइन मीटिंग की गई। आप सभी प्राचार्यों से भी इस संबंध में लेख है कि आप सभी जनहित/विद्यार्थी हित में इस योजना को राजकीय एंव निजी महाविद्यालयों के शिक्षक साथियों एवं विद्यार्थियों तक WhatsApp अथवा अन्य उचित माध्यमों से पहुंचायें।**

**इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जुडने के लिये सूचित करावें कि उन्हें नीचे दी जा रही लिंक पर उपलब्ध** Google form **के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन करना है। यह पूर्णतः निःशुल्क कार्यक्रम है, जिसमें रजिस्ट्रेशन भी निःशुल्क ही है। रजिस्ट्रेशन करने का लाभ यह होगा कि विद्यार्थियों को व्याख्यान संबंधी सूचनाएं, कोई पाठ्यसामग्री आदि भी शेयर की जा सकेंगी। अतः इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन करना विद्यार्थियों के हित में है। तथापि यदि किसी कारण से विद्यार्थी/लाभार्थी अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकें तो भी वे सीधे ही इन कक्षाओं को संबंधित महाविद्यालयों के यूट्यूब चैनल्स पर जाकर लाइव सैशन्स से जुडकर कक्षा में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु रजिस्ट्रेशन के बिना उपस्थित विद्यार्थियों/लाभार्थियों को सूचनाएं/पाठ्यसामग्री प्रेषित नही की जायेगी।**

**रजिस्ट्रेशन हेतु** Google form **की लिंक –**

**https://forms.gle/hB24FnVfcFWUC6T27**

**पुनः लेख है कि उपुयक्त लिंक के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करना स्वयं विद्यार्थियों/लाभार्थियों के हित में है, तथापि इन कक्षाओं से जुडने के लिये यह रजिस्ट्रेशन करना बाध्यता नही है। इन कक्षाओं में राजकीय एंव निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, अथवा स्वयंपाठी विद्यार्थी, जो पढने के इच्छुक हैं, जुड सकते हैं। ये कक्षाएं सभी इच्छुक विद्यार्थियों/लाभार्थियों के लिये निःशुल्क हैं।**

**इस योजनान्तर्गत ऑनलाइन लाइव कक्षाओं के आयोजन दायित्व हेतु हेतु निम्नलिखित महाविद्यालयों को चयनित कर निर्देशित किया जाता है आपको आवंटित विषय/विषयों में नामित विषय समन्वयक की तकनीकी सहायता एंव लाइव कक्षाओं के आयोजन हेतु वांछित प्लेटफॉर्म सुविधा उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें।**

### चयनित महाविद्यालय, आवंटित विषय एवं विषय समन्वयक

| S. No. | आयोजक महाविद्यालय का नाम | आवंटित विषय | विषय समन्वयक का नाम | समन्वयक का मोबा. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय महाविद्यालय अजमेर | 1. प्राणिशास्त्र | डा. सबिहा खान | 9828477007 |
| | | 2. वनस्पति शास्त्र | डा. विभा खन्ना | 9828080183 |
| | | 3. अंग्रेजी | डा. मंजू शर्मा | 9610748874 |
| | | 4. राजनीति विज्ञान | डा. जया अग्रवाल | 9166931438 |
| 2. | राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर | 1. गृह विज्ञान | डा. मीनाक्षी जैन | 9828172206 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर | 1. रसायनशास्त्र | डा. नरेन्द्र भोजक | 9414142979 |
| | | 2. भौतिकशास्त्र | डा. एम. डी. शर्मा | 9413940393 |
| | | 3. दर्शनशास्त्र | डा. सुमित्रा चारण | 9784003602 |
| | | 4. राजनीति विज्ञान | डा. साधना भण्डारी | 9828169900 |
| 4. | राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर | 1. विधि | डा. मलिका प्रवीण | 7737392747 |
| 5. | राजकीय लोहिया महाविद्यालय चुरु | 1. भूगोल | डा. एम. एम. शेख | 9414254762 |
| | | 2. इतिहास | डा. एस. डी. सोनी | 9461465181 |
| 6. | राजकीय विज्ञान महाविद्यालय कोटा | 1. गणित | डा. ललिता जैन | 9166130348 |
| | | 2. कम्प्यूटर | श्री अरुण कुमार | 8209302071 |
| 7. | राजकीय कला महाविद्यालय कोटा | 1. ड्राइंग–पेण्टिंग | डा. शालिनी भारती | 9829078694 |
| 8. | राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा | 1. अर्थशास्त्र | डा. सुनीता शर्मा | 9351584473 |
| | | 2. समाजशास्त्र | डा. पारुल | 9783366209 |
| | | 3. संगीत | डा. पुनीता | 9352600082 |
| 9. | राजकीय महाविद्यालय बांसवाडा | 1. हिन्दी साहित्य | डा. मनोज पंड्या | 9414308404 |
| 10. | राजकीय महाविद्यालय सिरोही | 1. संस्कृत साहित्य | डा. मीना जैन | 9549224013 |
| 11. | राजकीय महाविद्यालय टोंक | 1. उर्दू साहित्य | डा. सैयद सादिक अली | 9413381080 |
| 12. | राजकीय महाविद्यालय पाली | 1. ABST | डा. अपूर्व माथुर | 9214421883 |

**आयोजक महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित व्यवस्थाएं करवाई जानी हैं –**

1. इन कक्षाओं के संचालन के लिये महाविद्यालय के विषय समन्वयक को तकनीकी सहायता के लिये 2–3 सदस्यीय समिति का गठन करना है, ताकि कक्षाओं को निर्बाध संचालन हो सके।
2. रिसोर्स पर्सन के द्वारा ऑनलाइन कक्षा का आयोजन Zoom प्लेटफॉर्म पर करवाया जाना है। अनुशंसित है कि इसके लिये इस परियोजना अवधि के लिये इस प्लेटफार्म का सब्सक्राइब वर्जन ले लिया जावे ताकि कक्षाओं का व्यवधान रहित आयोजन हो सके। तथापि, यदि आयोजक महाविद्यालय अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करके इन कक्षाओं का आयोजन करवा सके तो भी अनुमत है। इस प्लेटफार्म पर विषय समन्वयक, रिसोर्स पर्सन एवं कुछ अन्य शिक्षकगण जुड सकते हैं।
3. सभी जुडने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से ही जोडा जायेगा।
4. प्रत्येक कक्षा को Zoom प्लेटफॉर्म पर रिकार्ड करवाया जाना है। जिनको थोडी एडिटिंग करवाकर ज्ञानदूत चैनल पर अपलोड करवाया जायेगा, ताकि एक विषयपरक सेन्ट्रलाइज ई–रिपोजिटरी बन सके। इन व्याख्यानों का विद्यार्थियों / लाभार्थियों द्वारा बारम्बार उपयोग किया जा सकेगा।
5. यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग के उपरान्त तैयार वीडियो को महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर अपलोड करवाया जायेगा, ताकि महाविद्यालय को Credit एवं Viewers मिल सकें।

**विषय समन्वकों के द्वारा निष्पादित कार्य –**

1. स्वैच्छिक आधार पर पंजीकृत शिक्षक साथियों के साथ समन्वय।
2. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा की दृश्टि से महत्वपूर्ण विषयव्सतु का चयन करवाकर साथी शिक्षकों के साथ कक्षा कार्यक्रम तैयार करवाना।
3. रसायनशास्त्र विषय की कक्षाएं दैनिक जबकि अन्य सभी विषयों की कक्षाएं 3–3 दिन (बिना किसी अवकाश, केवल रविवार को छोडकर) लगवाई जायेंगी।
4. कक्षाओं का कार्यक्रम दिनांक 07 जून 2021 तक जारी कर दिया जायेगा।
5. संबंधित विषय की कक्षा आयोजन उपरान्त इसकी वांछित सूचना को स्प्रैडशीट में भरना, ताकि दैनिक सूचना अपडेट हो सके।
6. ऑनलाअन कक्षाओं का अपने विषय से संबंधित रिकार्ड संधारित करना।
7. आयुक्तालय टीम, रिसोर्स पर्सन्स एंव विद्यार्थियों के साथ समन्वय करना।

इस संबंध में किसी प्रकार के तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता के लिये निम्नलिखित संकाय सदस्यों से सम्पर्क कर सकते हैं –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. डा. नरेन्द्र गुप्ता, | सहा. आचार्य | राजकीय महा. चित्तौडगढ | 9352772029 |
| 2. डा. दिलीप राठौड, | सहा. आचार्य | राजकीय महा. बूंदी | 7014954176 |
| 3. सुश्री निकेता रनवां | सहा. आचार्य | आकाशि, जयुपर | 9461587713 |
| 4. सुश्री प्रियंका नामा | सहा. आचार्य | राजकीय महा. बांदीकुई | 7014903139 |

आयुक्तालय स्तर पर इस परियोजना में किसी प्रकार सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से सर्म्प कर सकते है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. डा. विनोद भारद्वाज | प्रभारी अधि., नवाचवार एंव कौशल विकास | 9414304650 |
| 2. डा. ललिता यादव, | सह. आचार्य, नवाचवार एंव कौशल विकास | 9529993619 |
| 3. डा. शिवांगना शर्मा, | सह. आचार्य, नवाचवार एंव कौशल विकास | 9461519852 |

03/06/2021

**संदेश नायक**, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/GyanDoot Prog./2021/43; दिनांक : 03 June 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त प्राचार्य एवं अध्यक्ष, जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC) को निर्देशानुसार इस योजना का जिला स्तर पर अधिकतम प्रचार–प्रसार करवाने हेतु।
5. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
6. प्रभारी अधिकारी/सह प्रभारी अधिकारी, ज्ञानदूत कार्यक्रम, आकाशि।
7. समस्त प्रभारी अधिकारीगण, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर को अपने अपने संबंधित महाविद्यालयों तक सूचना प्रेषण हेतु।
8. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

**बी. एल. गोयल**, RAS
अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा